ont>

Title: Need for early electrification of Keul-Sahabganj rail section in Bihar - Laid.

*श्री ब्रह्मानन्द मंडल (मुंगेर): अध्यक्ष महोदय किऊल-साहेबगंज रेलखंड के विद्युतीकरण की योजना अभी तक नहीं ली गयी है जबकि सीतारामपुर से मुगलसराय तक मेन लाइन में किऊल होते हुए विद्युतीकरण का काम हो चुका है लेकिन किऊल से साहेबगंज रेलखंड में विद्युतीकरण की योजना पहले ही ले लिया जाना चाहिए था। इसी खंड में जमालपुर रेल कारखाना है, जिसमें डीजल इंजन और बाक्स बैगन मरम्मत का काम एवं 140 टन क्षमता वाले क्रेन का निर्माण होता है। इस खंड के ि वद्युतीकरण के साथ ही रेल कारखाना जमालपुर में विद्युत इंजन के मरम्मत का काम भी हो सकता है इसलिए जल्द से जल्द किऊल-साहेबगंज रेलखंड का ि वद्युतीकरण किया जाये।

---

*Laid on the Table.